# Previous Year Paper

# BIHAR PRELIMINARY EXAM 2016

**1. एक अपकृत्य के लिए कौन-सा कथन सही है?**
(a) यह एक सिविल दोष है।
(b) सभी सिविल दोष अपकृत्य नहीं होते
(c) यह एक सर्वबन्धी अधिकार देता है
(d) उपर्युक्त सभी [ d]

**1. Which statement is correct for an act of tort?**
(a) It is a civil wrong
(b) All civil wrongs are not tort
(c) It gives a right in rem
(d) All of the above [d ]

**2. एक अपकृत्य दायित्व का निर्वहन भंग करना होता है, जो**
(a) पक्षकारों के द्वारा अधिरोपित होता है
(b) विधि द्वारा अधिरोपित होता है
(c) दण्ड विधि द्वारा अधिरोपित होता है
(d) समाज द्वारा अधिरोपित होता है [b]

**2. A tort is a breach of duty, which is–**
(a) Imposed by the parties
(b) Imposed by the law
(c) Imposed by the penal law
(d) Imposed by the society [b]

**3. किसने कहा था कि अपकृत्य विधि के अन्तर्गत दायित्व तभी बनता है जब कि दोष किसी एक या अन्य नामांकित अपकृत्य के अन्तर्गत आता**
(a) फ्रेजर
(b) विनफिल्ड Show Handisinap)
(c) ब्लैकस्टोन TOnevaaenoured
(d) सामन्ड [d]

**3. Who said that liability in law of tort arises only when the wrong is covered by any one or the other nominated tort?**
(a) Fraser
(b) Winfield
(c) Blackstone
(d) Salmond
[d]

**4. की फैसिट पर एलियम फैसिट पर सी सूत्रवाक्य, अपकृत्य विधि के अन्तर्गत किस अपकृत्य से सम्बन्धित है?**
(a) वाद करने की क्षमता
(b) उपेक्षा
(c) प्रतिनिधिक दायित्व
(d) मानहानि [c]

**4. Qui facit per alium facit per se, a maxim in law of tort, is related with which act of tort?**
(a) Capacity to sue
(b) Negligence
(c) Nicarious liability
(d) 'Defamation [c]

**5. द्वेषपूर्ण अभियोजन के आधार पर क्षति के लिए वाद लाने के लिए वादी द्वारा क्या सत्यापित करने की जरूरत है?**
(a) कि वह प्रतिवादी द्वारा अभियोजित किया गया
(b) कि अभियोजन बिना किसी उचित और सम्भावित कारण के संस्थित किया गया

linkinglaws.com

(c) द्वेषपूर्ण अभियोजन की कार्यवाही वादी के RoRO पक्ष में समाप्त हुई Mp
(d) उपर्युक्त सभी **[d]**

**5. In a suit for damages on the ground of malicious prose cution, what is required to be proved by the plaintiff?**
(a) That he was prosecuted by the defendant
(b) That the prosecution was instituted without reason able and probable cause
(c) Proceedings for malicious prosecution terminated in favour of the plaintiff
(d) All of the above **[d]**

**6. सूत्रवाक्य उबी जस इबी रिमिडियम का मतलब है**
(a) जहाँ भी उपचार उपलब्ध है, वहाँ अधिकार है
(b) जहाँ अधिकार है, वहाँ उपचार है।
(c) जहाँ दोष किया गया है, वहाँ उपचार है
(d) जहाँ दोष नहीं किया गया है, वहाँ उपचार से नहीं है **[b]**

**6. The maxim ubi jus ibi remedium means**
(a) Where there is remedy there is right
(b) Where there is right there is remedy
(c) Where there is fault there is remedy
(d) Where there is no fault there is no remedy **[b]**

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रसिद्ध वाद 'बचाव' वादों के आधार पर वॉलेन्टी नॉन फिट इन्जूरिया सिद्धान्त के प्रयोग के अपवाद से सम्बन्धित है?**
(a) हेन्स बनाम हाड
(b) पद्मावती बनाम डुग्गानायिका
(c) एस्बाई बनाम ह्वाइट
(d) उल्ड्रीज बनाम सम्नर **[a]**

**7. Which one of the following famous cases is related to an exception to the application of the doctrine of volenti non fit injuria based on 'rescue' cases?**
(a) Haynes vs. Harwood
(b) Padmavati vs. Dugganaika
(c) Ashby vs. White
(d) Wooldridge vs. Sumner **[a]**

**8. किस वाद के अन्तर्गत पूर्ण दायित्व का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया था?**
(a) भीम सिंह बनाम जम्मू और कश्मीर राज्य
(b) रैलेन्ड्स बनाम फ्लेचर
(c) एम० सी० मेहता बनाम भारत संघ
(d) लॉएड बनाम ग्रेस, स्मिथ ऐन्ड कं० **[c]**

**8. In which case, the principle of absolute liability was laid down?**
(a) Bhim Singh vs. State of J&K
(b) Rylands vs. Fletcher
(c) M. C. Mehta vs. Union of India
(d) Lloyd vs. Grace, Smith & Co. **[c]**

**9. रेस इप्सा लॉक्वीटर नियम है**
(a) आपराधिक विधि का
(b) सांविधिक विधि का
(c) सारभूत विधि का
(d) साक्ष्य विधि का **[d]**

**9. Res ipsa loquitur is a rule of**
(a) Criminal law

linkinglaws.com

(b) Statutory law
(c) Substantive law
(d) Evidence law **[d]**

**10. 'उपेक्षा' अपकृत्य के अन्तर्गत प्रतिवादी के द्वारा सावधानी का मानक अपेक्षित होता है**
(a) अत्यधिक निपुण व्यक्ति का
(b) कम-से-कम समझ वाले व्यक्ति का
(c) एक युक्तियुक्त और कुशल व्यक्ति का
(d) एक ऐसे व्यक्ति का जिसे विधिक ज्ञान हो **[c]**

**10. The standard of care required on the part of defendant in the tort of 'negligence' is of**
(a) Highly skilled person
(b)Any person of least under standing
(c) A reasonable and prudent man
(d) A person having understanding legal **[c]**

**11. वह प्रमुख वाद, जिसमें उपेक्षा से सम्बन्धित सिद्धान्त का नियम प्रतिपादित किया गया था, है**
(a) ग्लास्गो कॉर्पोरेशन बनाम म्योर
(b) डोनोग बनाम स्टीवेन्सन
(c) विन्टरबॉटम बनाम राइट
(d) ईश्वरी देवी बनाम भारत संघ **[b]**

**11. The rule regarding the principle of negligence was laid down in the leading case of**
(a) Glasgow Corp. vs. Muir
(b) Donoghue vs. Stevenson
(c) Winterbottom vs. Wright
(d) Ishwari Devi vs. Union of India **[b]**

**12. जहाँ कोई व्यक्ति इच्छा से और बिना किसी औचित्य के किसी दूसरे व्यक्ति के सामान से इस प्रकार संव्यवहार करता है कि वह व्यक्ति जो इस सामान का तुरन्त प्रयोग और कब्जे का अधिकार रखता है वह इससे वंचित होता है, उसे कहते हैं**
(a) संपरिवर्तन का अपकृत्य
(b) बन्दी का अपकृत्य
(c) वस्तु अतिचार का अपकृत्य
(d) उपद्रव का अपकृत्य **[a]**

**12. Where a person willfully and without any justification is dealing with the goods in such a manner that another person, who is entitled to its immediate use and possession of the same, is deprived of that is known as**
(a) Tort of conversion
(b) Tort of detinue
(c) Tort of trespass to goods
(d) Tort of nuisance **[a]**

**13. कठोर दायित्व का नियम लागू करने के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है?**
(a) किसी व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन पर खतरनाक वस्तु को रखना या इकट्ठा करना
(b) किसी व्यक्ति द्वारा जमीन का उपयोग अप्राकृतिक तरीके से किया जाना
(c) किसी व्यक्ति द्वारा इकट्ठा की गयी या रखी हुई खतरनाक वस्तु का जमीन से पलायन करना और क्षति या हानि पहुँचाना
(d) उपर्युक्त सभी **[d]**

**13. For application of the rule of strict liability, which of the following essentials is required?**
(a) Keeping or storing the dangerous thing by a person on his land
(b) Non-natural use of the land by the person

(c) Escape of the dangerous thing out of the land of the person storing or keeping it and causing damage or injury
(d) All of the above **[d]**

**14. कौन-सा कथन सही है?**
(a) सार्वजनिक उपद्रव सिविल दोष है और साथ ही साथ अपराध है
(b) व्यक्तिगत उपद्रव सिविल दोष है और साथ ही साथ अपराध है
(c) सार्वजनिक उपद्रव अपराध है, सिविल दोष नहीं।
(d) व्यक्तिगत उपद्रव अपराध है, सिविल दोष नहीं **[c]**

**14. Which statement is correct?**
(a) A public nuisance is a civil wrong as well as a crime
(b) A private nuisance is a civil persone wrong as well as a crime
(c) A public nuisance is a crime and not a civil wrong
(d) A private nuisance is a crime and not a civil wrong **[c]**

**15. वह प्रमुख वाद, जिसमें क्षति की दूरस्थता का सिद्धान्त प्रत्यक्ष जाँच के आधार पर अन्तिम रूप से निर्धारित किया गया, है**
(a) स्मिथ बनाम लन्डन साउथ-वेस्टर्न रेलवे कं०
(b) वैगन माउन्ड केस
(c) री पॉलिमिस ऐन्ड फर्नेस विदी ऐन्ड कं०
(d) ओवरसीज टैंकशिप (यू० के०) लि. बनाम मॉर्टस डॉक ऐन्ड इन्जीनियरिंग कं० लि० **[c]**

**15. The leading case in which the test of directness for determining the remoteness of damages was finally established is**
(a) Smith vs. London South Western Railway Co.
(b) Wagon Mound Case
(c) Re Polemis and Furness Withy & Co.
(d) Overseas Tankship (UK), Ltd. vs. Morts Dock & Engineering Co. Ltd. **[c]**

**16. विनिर्दिष्ट माल के विक्रय की संविदा में यदि संविदा के समय माल, विक्रेता के ज्ञान में नहीं होकर, ना हो चुका है, तब**
(a) संविदा क्रेता के लिए वैध है
(b) संविदा क्रेता के विकल्प पर शून्यकरणीय
(c) संविदा दोनों पक्षकारों के लिए शून्य है।
(d) संविदा अवैध हो चुकी है **[c]**

**16. In a contract for the sale of specific goods, if at the time of the contract the goods have, without the knowledge of the seller, perished, then**
(a) The contract is legal for the buyer
(b) The contract is voidable at the option of the buyer
(c) The contract is void for both the parties
(d) The contract has become illegal **[c]**

**17. माल के विक्रय के करार में यह निबन्धन है कि इसकी कीमत तीसरे पक्षकार द्वारा किये गये मूल्यांकन पर निर्धारित होगी परन्तु तीसरा पक्षकार मूल्यांकन करने में असफल हो गया है, तब**
(a) मूल्यांकन विक्रेता द्वारा किया जा सकता
(b) मूल्यांकन क्रेता द्वारा किया जा सकता है
(c) मूल्यांकन क्रेता एवं विक्रेता द्वारा सामूहिक रूप से किया जा सकता है

(d) क्रेता एवं विक्रेता मूल्यांकन नहीं कर सकते हैं और संविदा शून्य हो जायेगी **[d]**

**17. In an agreement to sell the goods on the terms that the price is to be fixed by the valuation of a third party but such third party fails to make the valuation, then**

(a) The valuation may be made by the seller

(b) The valuation may be made by the buyer

(c) The valuation may be made jointly by the buyer and the seller

(d) The buyer and the seller cannot make the valuation and the contract becomes void **[d]**

**18. सोहन, जो एक कपटी व्यक्ति है, ने अपने आप को सम्माननीय व्यक्ति दिखाते हुए दुकानदार मोहन को चेक देकर उससे एक मूल्यवान अँगूठी खरीदी। चेक अनादरित हो गया परन्तु इस कपट का पता चलने से पहले ही सोहन ने अंगूठी रोहन के पास गिरवी रख दी। रोहन ने सद्भावना में काम किया और उसे सोहन के हक में त्रुटि की सूचना नहीं थी। निम्न में से सही स्थिति कौन-सी है?**

(a) मोहन सोहन से, जो क्रेता है, अंगूठी वापस लेने के लिए वाद कर सकता है

(B)रोहन का अँगूठी पर हक मोहन एवं सोहन SRUS से अधिक बेहतर है, इसलिए वह अंगूठी को प्रतिधारित करेगा।

(c) सोहन का अंगूठी पर हक त्रुटिपूर्ण था, इसलिए मोहन रोहन पर वाद कर अंगूठी वापस लेने में सफल होगा

(d) संविदा कपट पर आधारित है, इसलिए शून्य घोषित किया जा सकेगा और शून्य संविदा में पक्षकारों का कोई दायित्व नहीं होगा **[b]**

**18. Sohan, a fraudulent person posing himself a respectable person, purchased a valuable ring from Mohan, a shopkeeper by giving him a cheque, The cheque was dishonoured but before the fraud could be detected, Sohan pledged the ring with Rohan who acted in good faith and without notice of Sohan's defect of title. What is the correct position?**

(a) Mohan can sue Sohan, the buyer, to recover the ring

(b) Rohan's title to the ring is good against Mohan and Sohan, hence he will retain the ring

(c) Sohan's title to the ring was defective, hence Mohan can sue Rohan and succeed to take the ring back

(d) The contract is based on fraud, hence can be declared void and no liability of parties will arise in the void contract **[b]**

**19. A, एक खिलौना बेचने वाला, ने अपनी दुकान की खिड़की में कुछ प्लास्टिक के गुलेल जैसे खिलौने सजा रखे थे। B, एक छः वर्षीय बच्चा, खिलौनों की ओर आकर्षित हुआ और दुकान के मालिक से वार्ता करने के बाद उसने प्लास्टिक का एक गुलेल जैसा खिलौना खरीद लिया। जब बच्चा इसे चला रहा था, तो यह प्लास्टिक का गुलेलनुमा खिलौना टूट गया और बच्चे की बायीं आँख में घुस गया जिससे आँख निकालनी पड़ी। विक्रेता के विरुद्ध क्षतिपूर्ति का केस दर्ज हुआ। निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क सही है?**

(a) यह वर्णन द्वारा विक्रय था, इसलिए विक्रेता क्षतिपूर्ति के लिए उत्तरदायी है क्योंकि खिलौना वाणिज्यिक क्वालिटी का नहीं था

(b) यह एक सामान्य विक्रय था, जिस पर क्रेता सावधान' का सिद्धान्त लागू होता है एवं विक्रेता क्षतिपूर्ति के लिए उत्तरदायी नहीं है

(c) यह नमूना द्वारा विक्रय था और प्लास्टिक का गुलेलनुमा खिलौना नमूने के अनुरूप था, इसलिए विक्रेता क्षतिपूर्ति के लिए उत्तरदायी नहीं है

(d) विक्रय के बाद सामान का स्वामित्व क्रेता को अन्तरित हो गया था, इसलिए क्रेता की असावधानी के लिए विक्रेता को उत्तरदायी नहीं बनाया जा सकता है **[a]**

**19. A, a toy dealer, displayed in his shopwindow some plastic toy catapults. B, a child of six years of age, was attracted to the toys and one plastic toy catapult was bought from the shop after discussion with the shopkeeper. While the child was using it, the toy catapult broke off and entered the left eye of the child which had to be removed. The case is filed against the seller for damages. There is contention that**

(a) It was a sale by description, hence the seller is liable for damages as the toy was not of merchantable quality

(b) It was a normal sale and the principle let the buyer beware' applies and the seller is not liable for damages

(c) It was a sale by sample and the plastic toy catapult was as per sample, hence the seller is not liable for damages

(d) After sale, the property in goods was transferred to the buyer, hence the seller cannot be held responsible for the negligence of the buyer **[a]**

**20. A ने B को उधार पर माल बेचा और माल का जा परिदान क्रेता के पोत-परिवहन प्रतिनिधि को कर दिया, जिसने माल पोत पर लदवा दिया। बाद में माल की पुनः गाँठे बनाने (पैकिंग) के लिए माल विक्रेता को वापस कर दिया गया। माल अभी विक्रेता के कब्जे में ही था कि क्रेता दिवालिया हो गया। विक्रेता को मूल्य का भुगतान नहीं हुआ था, इसलिए उसने माल वापस करने के लिए मना कर दिया। निम्न विकल्पों का परीक्षण कर सही उत्तर दीजिये।**

(a) क्योंकि क्रेता दिवालिया हो गया है और वह मूल्य का भुगतान करने में असमर्थ है, इसलिए वह विक्रेता से माल लेने के लिए वाद नहीं कर सकता है

(b) क्योंकि विक्रेता का अभी भी भुगतान नहीं हुआ है और माल उसके कब्जे में है, उसका माल पर धारणाधिकार है और इसलिए वह माल को रोकने का अधिकार रखता है।

(c) यद्यपि क्रेता दिवालिया हो गया है लेकिन विक्रेता का भी माल पर धारणाधिकार समाप्त हो गया है और माल का स्वामी क्रेता है

(d) विक्रेता माल का पुनः विक्रय करेगा और विक्रय मूल्य में से अपना आरम्भिक मूल्य काटकर शेष मूल्य क्रेता को लौटा देगा **[c]**

**20. A sold the goods on credit to B. and delivered the goods to the buyer's shipping agent who had put them on board a ship. However, the goods were returned to the seller for repacking. When the goods were still with the seller, the buyer became insolvent. The seller being unpaid refuses to**

**return the goods. Examine the following options and decide the correct one.**

(a) As the buyer has become insolvent, he is unable to pay the cost, hence he cannot sue the seller for goods

(b) As the seller is still unpaid and he is in possession of the goods, he has lien on goods and hence he has right to retain the goods

(c) Though the buyer has become insolvent but the seller too has lost his right of lien on goods and the goods belong to the buyer

(d) The seller will resell the goods and out of the sale proceeds will retain original price and refund the extra Ver to the original buyer **[c]**

**21. परक्राम्य लिखत में परक्राम्यता का विशिष्ट तत्त्व पक्षकार का अपने आचरण द्वारा न कि दूसरे के आचरण द्वारा सम्पत्ति का अर्जन है, जैसे कि यदि तुम सम्पत्ति सद्भावपूर्वक तथा मूल्य के लिए लेते हो, तो कोई व्यक्ति तुम्हें इससे वंचित नहीं कर सकता है। इस प्रतिपादन की प्रामाणिकता निम्न में से किसमें है?**

(a) व्हिस्लर बनाम फोर्टर

(b) राफल बनाम बैंक ऑफ इंग्लैंड

(c) कार्लोस बनाम फैनकोर्ट

(d) रॉबर्ट्स बनाम पीके **[b]**

**21. In negotiable instruments, the great element of negotiability is to the acquisition of property by party's own conduct and not by another's, i.e., if you take it bona fide and for value, nobody can deprive you of it. Which one of the following is the authority of this proposition?**

(a) Whistler vs. Forster

(b) Raphael vs. Bank of England

(c) Carlos vs. Fancourt

(d) Roberts vs. Peake **[b]**

**22. विधि की अपेक्षा है कि परक्राम्य लिखत का प्रत्येक पक्षकार संविदा की विधि के अनुसार संविदा करने में समर्थ हो। जब कोई अवयस्क लिखत का लेखीवाल या रचयिता या पृष्ठांकन करने वाले के रूप में पक्षकार होता है, तो निम्न में से कौन-सा सही होगा?**

**(A), पूर्ण लिखत शून्य है और सभी पक्षकार अपने दायित्व से मुक्त हैं**

(b) लिखत शून्यकरणीय है एवं प्रत्येक पक्षकार को यह अधिकार है कि वह इसे शून्य घोषित करा दे।

(c) लिखत वैध है और अवयस्क सहित सभी पक्षकार लिखत के अन्तर्गत उत्तरदायी हैं

(d) लिखत पर अवयस्क उत्तरदायी नहीं है परन्तु यह अन्य सभी पक्षकारों पर बन्धनकारी है **[d]**

**22. The law requires that every party to a negotiable instrument must be capable of contracting according to the law of the contract. What happens when a minor becomes party to the instrument as drawer or maker or indorser?**

(a) The whole instrument is void and all parties are discharged of their liability

(b) The instrument is voidable and every party has right to declare it void

(c) The instrument is valid and. all parties including minor are liable under the instrument

(d) The minor is not liable on the instrument but it remains binding upon all the other parties [d]

**23. जब किसी लिखत के पृष्ठांकन की अपेक्षा है और इसे पृष्ठांकित कर दिया गया है, तब इस पर दायित्व निर्मित करने का नियम निम्न में से कौन-सा है?**

(a) प्रत्येक पृष्ठांकन करने वाला अपने बाद के Dowanlod सभी पक्षकारों के प्रति दायित्वाधीन है

(b) केवल प्रथम पृष्ठांकन करने वाला, न कि उसके बाद के पृष्ठांकन करने वाले, सभी पक्षकारों के प्रति उत्तरदायी होंगे

(c) यदि कोई पृष्ठांकन करने वाला लिखत की वास्तविकता/सत्यता को मना करता है, तो वह अपने दायित्व से मुक्त हो सकता

(d) यदि कोई पृष्ठांकन करने वाला यह प्रकट करता है कि उसके द्वारा प्राप्त करने से पहले ही लिखत को बदल दिया गया था, तो वह अपने दायित्व से मुक्त होगा [a]

**23. Where an instrument requires indorsement and it has been indorsed, then what is the rule creating liability on it among the following options?**

(a) Every indorser incurs liability to all the parties that are subsequent to him

(b) Only the first indorser and not the subsequent indorsers will be liable to all the parties

(c) If an indorser denies the genuineness of the instru ment, he may be exempted from his liability

(d) If an indorser shows that the instrument had already been altered before he received it, he will be exempted from his liability [a]

**24. निम्न में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?**

एक विनिमय-पत्र भुगतान के लिए उपस्थापित करने से पहले स्वीकृति के लिए उपस्थापित Home किया जा सकता है। स्वीकृति के लिए उपस्थापन केवल तभी आवश्यक है, जबकि

(a) पत्र दर्शनार्थ के बाद निर्धारित समय में भुगतान योग्य है

(b) पत्र स्पष्ट रूप से अनुबन्ध करता है कि भुगतान के लिए उपस्थापित करने से पहले यह स्वीकृति के लिए उपस्थापित किया जायेगा

(c) पत्र व्यापार के स्थान या निवास के अलावा अन्य स्थान पर भुगतान योग्य है

(d) पत्र को स्वीकृति के लिए उपस्थापित करने में लेखीवाल एवं ऊपरवाल (अदाकर्ता) दोनों का सामूहिक हित है [d]

**24. Which of the following options is not correct? A bill of exchange may have to be presented for acceptance before it is presented for payment. Presentment for acceptance is necessary only where**

(a) The bill is payable at a given time after sight pot

(b) The bill expressly stipulates that it shall be presented for acceptance before presentment for payment

(c) The bill is made payable at a place other than the place of business or residence

(d) The drawer and the drawee have common interest in presenting the bill for acceptance and [d]

**25. जब चेक का धारक बैंक से यह सूचना प्राप्त करता है कि चेक अनादरित हो गया है, तो उसे _ चेक के लेखीवाल को पैसे के भुगतान के लिए लिखित में सूचना देकर माँग करनी चाहिये।**
(a) पन्द्रह दिन की अवधि के अन्दर
(b) तीस दिन की अवधि के अन्दर
(c) इक्कीस दिन की अवधि के अन्दर
(d) पैंतालीस दिन की अवधि के अन्दर **[a]**

**25. When the holder of the cheque receives information from the bank that the cheque has been dishonoured, he should make a demand_ by giving a notice in writing to the drawer of the cheque for payment of the money.**
(a) Within fifteen days
(b) Within thirty days
(c) Within twenty-one days
(d) Within forty-five days **[a]**

**26. एक लघु कम्पनी वह है, जिसका व्यापारावर्त उसके अंतिम/गत लाभ-हानि लेखे के अनुसार से अधिक न हो या ऐसी उच्च राशि हो, जो विहित की गयी है लेकिन से अधिक न हो।**
(a) ₹2 करोड़, ₹ 10 करोड़
(b) ₹ 2 करोड़, ₹ 50 करोड़
(c) ₹ 2 करोड़, ₹ 20 करोड़
(d) ₹ 5 करोड़, ₹ 50 करोड़ **[c]**

**26. A small company may be one whose turnover as per its last Profit and Loss Account did not exceed or such higher amount as may be prescribed which cannot be more than**
(a) ₹2 crores, ₹10 crores
(b) ₹2 crores, ₹ 50 crores
(c) ₹2 crores, ₹ 20 crores
(d) ₹ 5 crores, ₹50 crores **[c]**

**27. निष्क्रिय कम्पनी का अर्थ वह कम्पनी है, जो कोई व्यापार नहीं कर रही है या जिसने अपना वित्तीय विवरण एवं वार्षिक विवरण दाखिल नहीं किया है।**
(a) पिछले तीन वित्तीय वर्षों से
(b) पिछले दो वित्तीय वर्षों से
(c) पिछले चार वित्तीय वर्षों से
(d) पिछले पाँच वित्तीय वर्षों से **[b]**

**27. Inactive company means a company which has not been carrying on any business or has not filed financial statements and annual returns during**
(a) The last three financial years
(b) The last two financial years
(c) The last four financial years
(d) The last five financial years **[b]**

**28. कम्पनी अधिनियम, 2013 में प्रावधान किया गया है कि सूचीकृत कम्पनियों में स्वतन्त्र निदेशकों की नियुक्ति आज्ञासूचक है एवं ऐसे स्वतन्त्र निदेशकों की नियुक्ति की जायेगी**
(a) कम्पनी विधि बोर्ड द्वारा दी गयी सूची से
(B)विधि एवं कम्पनी मामलात मन्त्रालय द्वारा दी गयी व्यक्तियों की सूची से
(c) इसी उद्देश्य के लिए अनुरक्षित डाटा बैंक
(d) कम्पनी के अंशधारकों द्वारा मनोनीत व्यक्तियों की सूची से **[c]**

**28. The Companies Act, 2013 has provided that in listed companies, appointment of independent directors is mandatory and the independent directors will be appointed**

(a) From the list provided by the Company Law Board
(b) From the list of persons given by the Ministry of Law and Company Affairs
(c) From the Data Bank maintained for this purpose
(d) From the list of persons nominated by the share holders of the company [c ]

**29. कम्पनी के सामाजिक दायित्व (सी० एस० आर०) की आज्ञासूचक कर्मण्यता का प्रावधान करके कम्पनी अधिनियम, 2013 ने असाधारण कार्य किया है। आज्ञासूचक सी० एस० आर० नियमों को मानने के लिए कम्पनी का दायित्व तभी है, जब**
(a) कम्पनी की शुद्ध आस्ति 1,000 करोड़ या इससे अधिक भारतीय राष्ट्रीय रुपया (आइ० एन० आर०) हो
(b) कम्पनी का व्यापारावर्त 1,000 करोड़ या इससे अधिक भारतीय राष्ट्रीय रुपया हो
(c) किसी भी वित्तीय वर्ष में कम्पनी का शुद्ध Joino लाभ 50 करोड़ या इससे अधिक भारतीय राष्ट्रीय रुपया हो
(d) कम्पनी की प्रदत्त अंश पूँजी 200 करोड़ या इससे अधिक भारतीय राष्ट्रीय रुपया हो [b]

**29. The Companies Act, 2013 has done a tremendous job by providing Company's Social Responsibility (CSR) as a mandatory activity. A company has to comply with mandatory CSR norms where**
(a) The net worth of the company is INR (Indian National Rupee) 1,000 crores or more
(b) The turnover of the company is INR 1,000 crores or more
(c) Its net profit during any financial year is INR 50 crores or more
(d) Its paid-up share capital is INR 200 crores or more [b]

**30. राष्ट्रीय कम्पनी विधि अपीली अधिकरण में न्यायिक एवं तकनीकी सदस्य होते हैं। इसका अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश या किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश, जो वर्तमान में हो या रहा हो, होता है। राष्ट्रीय कम्पनी विधि अपीली अधिकरण (एन० सी० एल० ए० टी०) में अधिकतम सदस्यों की संख्या होती है।**
(a) ग्यारह सदस्य
(b) नौ सदस्य
(c) तेरह सदस्य
(d) सात सदस्य [a]

**30. The National Company Law Appellate Tribunal consists judicial and technical members The Chairperson is one who is or has been a judge of the Supreme Court or the Chief Justice of High Court. The maximum number of members in the NCLAT has been provided as**
(a) Eleven members
(b) Nine members
(c) Thirteen members
(d) Seven members [a]

**31. A, B और C इच्छाधीन भागीदारी के लिए करार करते हैं। भागीदारी विलेख में निम्न प्रावधान रखे गये हैं। निम्न प्रावधानों का विश्लेषण कर बताइये कि विलेख का कौन-सा प्रावधान इच्छाधीन भागीदारी से असंगत है।**

(a) कि उत्तरजीवी भागीदार को मृतक भागीदार का अंश नियत मूल्य पर खरीदने का विकल्प होगा
(b) कि भागीदारों के मध्य विवाद, यदि हों, माध्यस्थम को सौंपे जायेंगे
(c) कि प्रत्येक भागीदार को यह अधिकार होगा कि वह अपना वारिस मनोनीत कर सके
(d) कि यदि कोई भागीदार भागीदारी से निवृत्त होना चाहे, तो निवृत्ति से पहले निश्चित नियत अवधि की सूचना देनी होगी [d]

**31. A, B and Center into an agreement for partnership at will. The partnership deed contains the following provisions. Which one of the following provisions of the deed is inconsistent with partnership at will?**
(a) That there will be option for a surviving partner to purchase a deceased partner's share at a fixed valuation
(b) That disputes between the partners, if any, shall be referred to arbitration
(c) That every partner will have a power to nominate his successor
(d) That if any partner wants to retire from partnership, notice of a certain fixed time will be required before retirement [d]

**32. विवक्षित अधिकार से प्रत्येक भागीदार अन्य भागीदारों को अपने कार्यों से सभी मामलों में, जो भागीदारी के उद्देश्यों एवं परिधि में आते हैं, बाँधता है। एक सामान्य व्यापारिक प्रकृति की भागीदारी में निम्न में से कौन-सा कार्य भागीदारों के विवक्षित अधिकार में नहीं आता है?**
(a) कि प्रत्येक भागीदार भागीदारी की सम्पत्ति को गिरवी रखने या बेचने का कार्य कर सकेगा
(b) कि कोई भी भागीदार फर्म के विरुद्ध वाद में कोई भी दायित्व स्वीकार कर सकेगा
(c) कि प्रत्येक भागीदार भागीदारी के खाते में धन उधार ले सकेगा -
(d) कि प्रत्येक भागीदार भागीदारी व्यापार के लिए नौकर नियुक्त कर सकेगा। [b]

**32. By implied authority, each partner binds all other partners by his acts in all matters which are within the scope and objects of partnership. In a partnership of general commercial nature, which of the following is not within the implied authority of partners?**
(a) That every partner may pledge or sell the partnership property
(b) That any partner may admit any liability in a suit against the firm
(c) That every partner may borrow money on account of the partnership
(d) That every partner may engage servants for the partnership business [b]

**33. यदि कोई व्यक्ति, अपने पर लागू विधि के अधीन अवयस्क है, भागीदारी के लाभ में प्रवेशित हो जाता है, तो यह दावा किया जाता है कि**
(a) फर्म की सम्पत्ति में उसका अंश फर्म के ऋणों के लिए उत्तरदायी नहीं है
(b) वह भागीदारों के विरुद्ध खाता दिखाने के लिए वाद ला सकता है
(c) वह वयस्क होने के बाद भी कुछ समय तक अवयस्कता का लाभ ले सकता है
(d) वह फर्म के लाभ में अपने अंश के भुगतान के लिए भागीदारों पर वाद ला सकता है [c]

linkinglaws.com

**33. If a person who is minor according to the law to which he is subject is admitted to the benefits of a partnership, it is claimed that**
(a) His share in the firm's property is not liable to the firm's debts
(b) He can sue the partners to show the accounts
(c) He can enjoy, for some time, the status of minority even after attaining majority
(d) He can sue the partners for payment of his share of profits of the firm **[c]**

**34. जब कोई भागीदार दिवालिया हो जाता है तो फर्म में भागीदार के रूप में उसका अन्त हो जाता है, ऐसा**
(a) उस तारीख को होता है जब वह अपने आप को दिवालिया घोषित करता है
(b) उस तारीख को होता है जब उसकी अन्य भागीदारों से उसे दिवालिया घोषित करने पर सहमति होती है
(c) उस तारीख को होता है जब शेष भागीदारों द्वारा भागीदार के दिवालियापन को सार्वजनिक रूप से विज्ञापित किया जाता है
(d) उस तारीख को होता है जब न्याय निर्णयन का आदेश होता है **[d]**

**34. Where a partner becomes insolvent, he ceases to be partner in the firm**
(a) On the date on which he declares himself as insolvent
(b) On the date which is agreed by him with other partners for declaring him insolvent
(c) On the date on which insolvency of the partner is advertised publicly by the remaining partners
(d) On the date on which order of adjudication is made **[d]**

**35. A, B एवं C भागीदारी के लिए एक करार करते हैं, जिसमें C सुप्त भागीदार रहता है। यह पाया जाता है कि C का B की पत्नी से व्यभिचारी सम्बन्ध है। कार्यवाही की कौन-सी दिशा सही होगी?**
(a) B आग्रह करता है कि इस आधार पर फर्म समाप्त कर दी जाय और इसके लिए वह अपनी कार्यवाही करता है।
(b) A, C को फर्म से निकाल देने की सलाह देता है और B से फर्म का व्यापार जारी रखने का आग्रह करता है
(c) C अपने कर्म के लिए पश्चात्ताप करता है और आग्रह करता है कि फर्म को समाप्त ना किया जाय, बल्कि वह फर्म का घाटा, जो भी हुआ हो, उसकी पूर्ति करेगा
(d) A फर्म की समाप्ति का विरोध करता है कि यह विघटन के लिए उचित आधार नहीं है और सलाह देता है कि व्यापार को नये सिरे से जारी रखा जाय **[a]**

**35. A, B and C enter into an agreement for partnership in which C remains a sleeping partner. It is found that C is in adulterous relationship with B's wife. What is the correct line of action?**
(a) B insists that the firm be dissolved on this ground and advances his action for it
(b) A advises to terminate C from the firm and insists B to continue the firm's business

linkinglaws.com

(c) C regrets for his act and insists to compensate the firm's loss, if any, instead of dissolution of the firm
(d) A opposes dissolution of the firm as it was not a fit ground of dissolution and advises to continue the business afresh **[a]**

**36. 'बिना किसी पूर्वधारणा' से जारी किये गये संदेश सुरक्षित होते हैं**
(a) साक्ष्य कानून की धारा 22 के अन्तर्गत
(b) साक्ष्य कानून की धारा 23 के अन्तर्गत
(c) साक्ष्य कानून की धारा 24 के अन्तर्गत
(d) साक्ष्य कानून की धारा 21 के अन्तर्गत **[b]**

**36. Communication made without prejudice' is protected**
(a) Under Section 22 of the Evidence Act
(b) Under Section 23 of the Evidence Act
(c) Under Section 24 of the Evidence Act
(d) Under Section 21 of the Evidence Act **[b]**

**37. साक्ष्य की स्वीकार्यता से सम्बन्धित 'अनिवार्य नियम' किसमें शामिल है?**
(a) साक्ष्य कानून की धारा 31
(b) साक्ष्य कानून की धारा 323
(c) साक्ष्य कानून की धारा 60
(d) साक्ष्य कानून की धारा 61 **[b]**

**37. Necessity rule' admissibility of contained in as to evidence the is**
(a) Section 31 of the Evidence Act
(b) Section 32 of the Evidence Act
(c) Section 60 of the Evidence Act
(d) Section 61 of the Evidence Act **[b]**

**38. दिल्ली उच्च न्यायालय ने किस मुकदमे में गवाहों की सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शक निर्देश जारी किया था?**
(A)नीलम कटारा मुकदमा (2003)
(b) नैना साहनी मुकदमा (2007)
(c) उपहार सिनेमा मुकदमा (2005)
(d) संसद भवन पर हमला मुकदमा (2006)**[a]**

**38. Delhi High Court issued guidelines for the protection of witnesses in**
(a) Neelam Katara Case (2003)
(b) Naina Sahni Case (2007)
(c) Uphaar Cinema Case (2005)
(d) Parliament Attack Case (2006) **[a]**

**39. A अपनी पत्नी के साथ व्यभिचार के आधार पर, B के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाता है। B, को A की पत्नी मानने से इन्कार करता है, परन्तु न्यायालय B को व्यभिचार का दोषी ठहराता है। तत्पश्चात् A के जीवनकाल में B से विवाह करके दो पति रखने के लिए C पर मुकदमा चलाया जाता है। C कहती है कि वह कभी भी A की पत्नी नहीं थी। B के विरुद्ध न्यायालय का फैसला**
(a) C के विरुद्ध फैसले के अनुसार उचित है
(b) C के विरुद्ध फैसले के अनुसार अनुचित है
(c) उचित है और C पर भी लागू होता है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं। **[b]**

**39. A prosecutes B for adultery with C, A's wife. B denies that C is A's wife, but the court convicts B of adultery. Afterwards, C is prosecuted for bigamy in marrying B during A's lifetime. C says that she never was A's wife. The judgment against B is**
(a) Relevant as against C
(b) Irrelevant as against C

linkinglaws.com

(c) Relevant and admissible against C
(d) None of the above [b]

**40. भारतीय साक्ष्य कानून के निम्नलिखित अध्यायों में से कौन-सा अध्याय 'गवाहों से सम्बन्धित है?**
(a) अध्याय VI
(b) अध्याय VII
(c) अध्याय VIII
(d) अध्याय IX [d]

**40. Which of the following chapters of the Indian Evidence Act deals with witnesses?**
(a) Chapter VI
(b) Chapter VII
(c) Chapter VIII
(d) Chapter IX [d]

**41. 2002 में पारित संशोधन कानून के द्वारा भारतीय साक्ष्य कानून के निम्नलिखित प्रावधानों में से किस प्रावधान को समाप्त कर दिया गया था?**
(a) धारा 155 (2)
(b) धारा 155 (3)
(c) धारा 155 (4)
(d) धारा 155 (5) [ c]

**41. Which of the following provisions of the Indian Evidence Act was omitted by the Amendment Act of 2002?**
(a) Section 155(2)
(b) Section 155(3)
(c) Section 155(4)
(d) Section 155(5) [ c]

**42. फौजदारी प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्नलिखित धाराओं में से कौन सी धारा 'न्यायिक कार्यवाही' पर को परिभाषित करती है?**
(a) धारा 2(i)
(b) धारा 2(j)
(c) धारा 2(k)
(d) धारा 2(l) [a]

**42. Which of the following Sections of the Code of Criminal Procedure, 1973 defines the term judicial proceeding?**
(a) Section 2(i)
(b) Section 2(j)
(c) Section 2(k)
(d) Section 2(l) [a]

**43. निम्नलिखित मुकदमों में से किस मुकदमे में सर्वोच्च न्यायालय ने गिरफ्तारी के सम्बन्ध में विशेष मार्गदर्शक निर्देश जारी किया है?**
(a) विशाखा बनाम राजस्थान सरकार में
(b) ए० आर० अंतुले के मुकदमे में
(c) डी० के० बसु के मुकदमे में
(d) नंदिनी सत्पथी के मुकदमे में [c]

**43. In which of the following cases, the Supreme Court has issued specific guidelines regarding arrest?**
(a) Vishakha vs. State of Rajasthan
(b) A. R. Antulay's Case
(c) D. K. Basu's Case
(d) Nandini Satpathy's Case [c]

**44. फौजदारी प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 125 के अधीन किसी दण्डाधिकारी द्वारा निर्वाह के लिए मासिक भत्ते के रूप में दी जा सकने वाली अधिकतम राशि क्या है?**
(a) ₹ 1,000

(b) ₹ 500
(c) ₹2,000
(d) कोई सीमा नहीं [d]

**44. What is the maximum amount of maintenance which can be ordered by a Magistrate as monthly allowance under Section 125 of the Code of Criminal Procedure, 1973?**
(a) ₹ 1,000
(b) ₹ 500
(c) ₹ 2,000
(d) No limit [d]

**45. फौजदारी प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 164A के अधीन बलात्कार की किसी भी पीड़िता को ऐसे अपराध की घटना की सूचना प्राप्त होने के __ के अन्दर-अन्दर परीक्षण के लिए किसी पंजीकृत स्वास्थ्य चिकित्सक के पास भेजना होगा।**
(a) 6 घण्टों
(b) 12 घण्टों
(c) 24 घण्टों
(d) 36 घण्टों [c]

**45. Under Section 164A of the Code of Criminal Procedure, 1973, the victim of rape shall be sent to registered medical practitioner for examination within from the time of receiving the information relating to the commission of such offence.**
(a) 6 hours
(b) 12 hours
(c) 24 hours
(d) 36 hours [c]

**46. निम्नलिखित में से किस/किन उपधारा/उपधाराओं को फौजदारी प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा फौजदारी प्रक्रिया संहिता की धारा 176 में शामिल किया गया था?**
(a) 176(1A)
(b) 176(1A) तथा 176(1B)
(c) 176(5) तथा 176(6)
(d) 176(1A) तथा 176(5) [d]

**46. Which of the following Sub sections was/were inserted by the Code of Criminal Procedure (Amendment) Act, 2005 in Section 176 of CrPC?**
(a) 176(1A)
(b) 176(1A) and 176(1B)
(c) 176(5) and 176(6)
(d) 176(1A) and 176(5) [d]

**47. फौजदारी प्रक्रिया संहिता में निर्धारित सीमा की अवधि निम्नलिखित में से किसके तहत आने वाले अपराधों पर लागू नहीं होती?**
(a) आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43)
(b) सीमा-कर अधिनियम, 1962 (1962 का 52)
(c) विदेशी मुद्रा प्रबन्ध अधिनियम, 1999 (1999 का 42)
(d) उपर्युक्त सभी [d]

**47. The period of limitation prescribed in the Code of Criminal Procedure is not applicable to the offences under**
(a) The Income-tax Act, 1961 (43 of 1961)
(b) The Customs Act, 1962 (52 of 1962)
(C)The Foreign Exchange Management Act, 1999 (42 of 1999)

(d) All of the above [d]

**48. सिविल प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1999 एवं 2002 __ के सुझाव पर बनाये गये थे।**
(a) संथानम कमेटी
(b) मलीमथ कमेटी
(c) ठक्कर कमेटी
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं [b]

**48. The Code of Civil Procedure (Amendment) Acts, 1999 and 2002 were enacted on the recommendations of**
(a) Santhanam Committee
(b) Malimath Committee
(c) Thakkar Committee
(d) None of the above [b]

**49. सर्वोच्च न्यायालय के निम्नलिखित ऐतिहासिक फैसलों में से किसका सम्बन्ध रिट पिटीशन्स में रेस जूडीकेटा के लागू होने से है?**
(a) सत्यधन घोषाल बनाम देओराजिन देवी
(b) दारायो बनाम यू० पी० सरकार
(c)जीवन बीमा निगम बनाम इन्डिया ऑटोमोबाइल्स ऐन्ड कं०
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं [b]

**49. Which of the following landmark judgments of the Supreme Court deals with the applicability of res judicata in writ petitions?**
(a) Satyadhan Ghosal vs. Deorajin Debi
(b) Daryao vs. State of UP
(c) LIC vs. India Automobiles And Co.
(d) None of the above [b]

**50. कोई भी न्यायालय किसी वाद-पत्र को लौटा सकता है, यदि**
(a) यह उसके क्षेत्राधिकार में न हो
(b) यह आर्थिक अधिकार से बाहर हो
(c) इसका विषय न्यायालय के अधिकार में न हो
(d) उपर्युक्त में से कोई भी [d]

**50. A court can return the plaint, when the court has got**
(a) No territorial jurisdiction
(b) No pecuniary jurisdiction
(c) No subject-matter jurisdiction
(d) Any of the above [d]

**51. सिविल प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2002 _से लागू हुआ।**
(a) 1 अप्रैल, 2002
(b) 1 जून, 2002
(c) 6 जून, 2002
(d) 1 जुलाई, 2002 [d]

**51. The Code of Civil Procedure (Amendment) Act, 2002 came into force on**
(a) 1st April, 2002
(b) 1st June, 2002
(c) 6th June, 2002
(d) 1st July, 2002 [d]

**52. मध्यस्थ द्वारा दिये गये निर्णय को निरस्त करने की प्रक्रिया का प्रावधान में किया गया**
(a) सम्बन्धित अधिनियम की धारा 32
(b) सम्बन्धित अधिनियम की धारा 36
(c) सम्बन्धित अधिनियम की धारा 34
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं [c]

**52. The provision for setting aside the arbitral award is laid down under**
(a) Section 32 of the related Act
(b) Section 36 of the related Act

(c) Section 34 of the related Act
(d) None of the above [c]

**53. मध्यस्थता सहमति से सम्बन्धित पक्ष अन्दर-अन्दर मध्यस्थ की नियुक्ति करेंगे।**
(a) तीस दिन
(b) साठ दिन
(c) चालीस दिन
(d) नब्बे दिन [a]

**53. The parties to the arbitration agreement shall appoint arbitrator within**
(a) Thirty days
(b) Sixty days
(c) Forty days
(d) Ninety days [a]

**54. तुच्छ विषयों से सम्बन्धित न्यायालयों द्वारा दी गयी डिक्री अथवा आदेशों पर द्वारा पुनर्विचार किया जा सकता है।**
(a) जिला न्यायालय
(b) उच्च न्यायालय
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं [c]

**54. The decrees or orders made by Small Causes Court are revisable by**
(a) The District Court
(b) The High Court
(c) Both (a) and (b)
(d) None of the above [c]

**55. तुच्छ विषयों से सम्बन्धित न्यायालयों को समाप्त करने का अधिकार किसके पास है?**
(a) सम्बन्धित उच्च न्यायालय
(b) सम्बन्धित राज्य सरकार
(c) सम्बन्धित जिला न्यायालय
(d) सम्बन्धित उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार से विचार-विमर्श के बाद सम्बन्धित जिला न्यायालय [b]

**55. Who is authorised to abolish Courts of Small Causes?**
(a) The concerned High Court
(b) The concerned State Government
(c) The concerned District Court
(d) The concerned District Court after consultation with the concerned High Court and the State Government [b]

**56. निम्नलिखित मामलों में से किसमें यह तर्क था कि हमारे संविधान की प्रस्तावना को इसकी व्याख्या में मार्गदर्शक होना चाहिये और इसीलिए अनुच्छेद 21 के अधीन बनाये गये किसी भी कानून को शून्य माना जाना चाहिये अगर वह प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों के खिलाफ हो?**
(a) गोपालन बनाम मद्रास राज्य
(b) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
(c) भीम सिंह बनाम भारत संघ
(d) एक्सेल विअर बनाम भारत संघ [a]

**56. In which of the following cases, it was contended that the Preamble to our Constitution should be the guiding star in its interpretation and hence any law made under the Article 21 should be held as void if it offended against the principles of natural justice?**
(a) Gopalan vs. State of Madras
(b) Kesavananda Bharati vs. State of Kerala
(c) Bhim Singh vs. Union of India
(d) Excel Wear vs. Union of India [a]

**57. प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष (secular)' शब्द के डाले जाने के भी पहले, निम्नलिखित मामलों में से किसमें 'धर्मनिरपेक्षता (secularism)' को भारतीय संविधान की एक मूलभूत विशेषता माना गया था?**
(a) इंदिरा गाँधी बनाम राज नारायण
(b) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
(c) वामन राव बनाम भारत संघ
(d) समता बनाम आन्ध्र प्रदेश राज्य [b]

**57. Which of the following cases upheld 'secularism' as a basic feature of the Indian Constitution even before the word 'secular' was inserted in the Preamble?**
(a) Indira Gandhi vs. Raj Narain
(b) Kesavananda Bharati vs. State of Kerala
(c) Waman Rao vs. Union of India
(D)Samatha vs. State of AP [b]

**58. निम्नलिखित मामलों में से किसमें न्याय के बहुमत की सहमति थी कि संविधान का मूल ढाँचा, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत शक्ति के अभ्यास में संविधान-संशोधन द्वारा, नष्ट या क्षतिग्रस्त नहीं किया जा सकता?**
(a) वामन राव बनाम भारतीय संघ
(b) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(c) कुलदीप नैयर बनाम भारत संघ
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं [a]

**58. In which of the following cases, the consensus of the majority of the judgment was that the basic structure of the Constitution could not be destroyed or damaged by amending the Constitution in exercise of the power under the Article 368 of the Indian Constitution?**
(a) Waman Rao vs. Union of India
(b) Golak Nath vs. State of Punjab
(c) Kuldip Nayar vs. Union of India
(d) None of the above [a]

**59. एक व्यक्ति जो या जिसका पिता भारत के राज्यक्षेत्र में पैदा नहीं हुआ था, लेकिन "(क) जिसका 'भारत के राज्यक्षेत्र में अपना अधिवास है, और (ख) जो आमतौर पर संविधान के प्रारंभ होने से ठीक पहले के कम-से-कम 5 वर्ष के लिए भारत के राज्यक्षेत्र के भीतर' रहा हो" उसे भारतीय नागरिक के रूप में माना जाता है। यह भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है?**
(a) अनुच्छेद 5
(b) अनुच्छेद 5B
(c) अनुच्छेद 5A
(d) अनुच्छेद 5C [d]

**59. A person who or whose father was not born in the territory of India but "who (a) has his domicile 'in the territory of India', and (b) has been ordinarily residing within the territory of India' for not less than 5 years immediately preceding the commencement of the Constitution" is considered as Indian citizen. Which of the following Articles of the Indian Constitution describes it?**
(a) Article 5
(b) Article 5B
(c) Article 5A
(d) Article 5C [d]

**60. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 का खण्ड (4), जिसे 24वें संशोधन अधिनियम, 1971**

linkinglaws.com

**द्वारा डाला गया था, उसमें कहा गया है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 के अनुसार पारित एक संविधान संशोधन अधिनियम अनुच्छेद 13 के अर्थ में एक कानून है और तदनुसार शून्य (कोई कानूनी प्रभाव के बिना) हो जायेगा, अगर वह मूलभूत अधिकार के खिलाफ हो। इस संशोधन को किस मामले में कानूनी प्रभावहीन (शून्य) ठहराया गया?**

(a) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(b) एडवर्ड मिल्स कम्पनी लिमिटेड बनाम अजमेर राज्य
(c) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ
(d) गुलाम सरवर बनाम भारत संघ [ ]

**60. Clause (14) of Article 13 of the Indian Constitution which was inserted by the 24th Amendment Act, 1971, states that a Constitution Amendment Act, passed according to Article 368 of the Indian Constitution is a law within the meaning of Article 13 and would, accordingly be void if it contravenes a fundamental right. This amendment was declared void in which of the following cases?**

(a) Golak Nath vs. State of Punjab
(b) Edward Mills Co. Ltd. vs. State of Ajmer
(c) Minerva Mills vs. Union of India
(d) Ghulam Sarwa vs. Union of India [ ]

**61. निम्नलिखित में से कौन-सा कानून के शासन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता का एक अनिवार्य हिस्सा है?**

(a) न्यायिक समीक्षा
(b) न्यायाधीशों की निष्पक्ष नियुक्ति
(c) महाभियोग
(d) मूल न्यायिक क्षेत्र [a]

**61. Which of the following is an essential part of rule of law and independence of judiciary?**

(a) Judicial review
(b) Impartial appointment of judges
(c) Impeachment
(d) Original jurisdiction [a]

**62. तर्कसंगतता की कसौटी एक पूर्ण परीक्षण नहीं है और इसकी आकृति संविधान द्वारा संकेतित की गयी है।**

(a) विषयपरक
(b) लक्ष्यपरक
(c) वर्णनात्मक
(d) योगात्मक [a]

**62. The test of reasonableness is not a wholly test and its contours are fairly indicated by the Constitution.**

(a) Subjective
(b) Objective
(c) Descriptive
(d) Summative [a]

**63. कराधान राज्य के अधीन एक शक्ति है और मौलिक अधिकार कराधान से प्रतिरक्षित नहीं है।**

(a) स्वतंत्र
(b) वैधानिक
(c) आधिकारिक
(d) शासन प्रबन्ध [a]

**63. Taxation is a/an power of the State and there is no fundamental right to be immune from taxation.**

(a) Independent
(b) Statutory
(c) Authoritative
(d) Administrative [a]

**64. 'अपराधों के लिए दोषसिद्धि के प्रति सुरक्षा के सम्बन्ध में भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णन आया है?**
(a) अनुच्छेद 22
(b) अनुच्छेद 21
(c) अनुच्छेद 20
(d) अनुच्छेद 19 **[c]**

**64. Protection in respect of conviction for offences' is the essence of which of the following Articles of the Indian Constitution?**
(a) Article 22
(b) Article 21
(c) Article 20
(d) Article 19 **[c]**

**65. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के खण्ड (1) के अनुसार धर्म की स्वतंत्रता किसके हित के अधीन है?**
(a) सार्वजनिक व्यवस्था
(b) नैतिकता
(c) स्वास्थ्य
(d) उपर्युक्त सभी **[c]**

**65. According to Clause (1) of Article 25 of the Indian Constitution, the freedom of religion is subject to the interest of**
(a) public order
(b) morality
(c) health
(d) All of the above **[c]**

**66. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में भारत में प्रधानमंत्री पद के प्रावधान का उल्लेख है?**
(a) अनुच्छेद 73
(b) अनुच्छेद 74
(c) अनुच्छेद 75
(d) अनुच्छेद 74(1) **[c]**

**66. Which of the following Articles of the Indian Constitution mentions the provision of the post of the Prime Minister in India?**
(a) Article 73
(b) Article 74
(c) Article 75
(d) Article 74(1) **[c]**

**67. एक व्यक्ति को संसद के किसी भी सदन का सदस्य होने के लिए अनुसूची के तहत अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।**
(a) छठवीं
(b) आठवीं
(c) सातवीं
(d) दसवीं **[d]**

**67. A person shall be disqualified for being a member of either House of the Parliament if he is so disqualified under the - Schedule.**
(a) Sixth
(b) Eighth
(c) Seventh
(d) Tenth **[d]**

**68. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को उनके कार्यालय से किसके द्वारा हटाया जा सकता है?**
(a) महाभियोग
(b) राष्ट्रपति
(c) मंत्रिमंडल
(d) लोकसभा **[a]**

**68. Judges of the Supreme Court can be removed from their office by**
(a) Impeachment
(b) The President
(c) The Council of Ministers

linkinglaws.com

(d) The House of the People **[a]**

**69. निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्यों का प्रश्न होगा और कानून का प्रश्न नहीं होगा?**
(a) जब पक्ष और विपक्ष में सबूत ठीक से प्राप्त किया गया है, तो क्या एक तथ्य साबित हो गया है
(b) क्या एक सांविधिक धारणा का खण्डन किया गया है
(c) एक बन्दोबस्ती (endowment) निजी है या सार्वजनिक है, यहाँ शामिल दस्तावेजों के गलत होने का कोई सवाल नहीं किया जा रहा है
(d) उपर्युक्त सभी **[d]**

**69. Which of the following has been held to be questions of fact and not of law?**
(a) Whether a fact has been proved when evidence for and against has been properly received
(b) Whether a statutory pre sumption has been rebutted
(c) Whether an endowment is private or public, there being no questions of misconstruction of a document involved
(d) All of the above **[d]**

**70. मुख्यमंत्री किसके द्वारा नियुक्त किया जायेगा?**
(a) प्रधानमंत्री
(b) राज्यपाल
(c) राष्ट्रपति
(d) विधान सभा **[b]**

**70. The Chief Minister shall be appointed by the**
(a) Prime Minister
(b) Governor
(c) President
(d) Vidhan Sabha **[b]**

**71. निरंकुश शासन का मतलब है**
(a) निरंकुश होने की दशा या गुण
(b) एक तरह की सरकार जिसमें जनता की शक्ति किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों में निहित है, जो किसी भी कानून या संस्था द्वारा बाधित या नियंत्रित नहीं है
(c) बिना शर्त शक्ति या संप्रभुता, जो एक सम्राट्, एक तानाशाह या एक कुलीन तंत्र में निहित है
(d) उपर्युक्त सभी **[d]**

**71. Absolutism means**
(a) The state or quality of being absolute
(b) A sort of government in which public power is vested in some person or persons, unchecked and uncontrolled by any law or institution
(C) Unconditional power or sovereignty vested in a monarch, an autocrat or an oligarchy
(d) All of the above **[d]**

**72. परमादेश (Mandamus)**
(a) सार्वजनिक प्रकृति वाले कर्तव्यों के निष्पादन की जाँच करने के लिए जारी किया जाता है।
(b) निजी प्रकृति के कर्तव्यों के निष्पादन में बाधा डालने के लिए जारी किया जाता है
(c) सार्वजनिक प्रकृति के कर्तव्यों के निष्पादन को बाध्य करने के लिए जारी किया जाता है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं **[c]**

**72. Mandamus**
(a) is issued to check the performance of duties of a public nature
(b) is issued to impede the performance of duties of a private nature

linkinglaws.com

(c) is issued to compel the performance of duties of a public nature
(d) None of the above **[c]**

**73. निम्नलिखित में से किसमें राज्य लोक सेवा आयोग के कार्यों का विस्तार करने की शक्ति है?**
(a) राज्यपाल या विधान सभा
(b) राज्य विधान सभा
(c) मुख्यमंत्री
(d) महाधिवक्ता **[b]**

**73. Which among the following has the power to extend functions of the State Public Service Commission?**
(a) The Governor
(b) The State Legislative
(c) The Chief Minister
(d) The Advocate General **[b]**

**74. अगर आपातकालीन स्थिति घोषित की गयी हो, तो**
**I. संघ की कार्यपालिका शक्ति किसी भी राज्य को निर्देश देने तक उसी रूप में विस्तार करेगी, जिस रूप में सम्बन्धित कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग किया जा रहा है**
**II. किसी भी मामले के सम्बन्ध में कानून बनाने की संसद की शक्ति में उस विषय, जो संघ सूची में उल्लिखित नहीं है, के सम्बन्ध में कानून बनाने की शक्ति शामिल है**
